भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1689
गुरुवार, 1 अगस्त, 2024/10 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

महाराष्ट्र में नए विमानपत्तन

1689. श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरेः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) महाराष्ट्र में चल रहे विमानपत्तनों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में नए विमानपत्तन शुरू करने का प्रस्ताव भेजा है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर केन्द्र सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क)**:** महाराष्ट्र राज्य में कुल 14 हवाईअड्डे नामतः औरंगाबाद, गोंदिया, कोल्हापुर, मुंबई (सीएसएमआई), नागपुर, नासिक (हाल ओज़ार), पुणे, शिर्डी, सिंधुदुर्ग, अकोला, जलगांव, जुहू, नांदेड़ और सोलापुर कार्यशील हैं।

(ख) और (ग)**:** जुलाई, 2017 में, नागर विमानन मंत्रालय ने नवी मुंबई, महाराष्ट्र में ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे के विकास के लिए महाराष्ट्र नगर एवं औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (सिडको), महाराष्ट्र सरकार को 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया है। इस परियोजना के पूर्ण होने की संभावित तारीख दिसंबर, 2024 तक है।

इसके अतिरिक्त, अगस्त, 2023 में, नागर विमानन मंत्रालय को पुरंदर, पुणे में एक ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के विकास हेतु मई, 2018 में नागर विमानन मंत्रालय द्वारा पूर्व में प्रदान की गई 'साइट क्लियरेंस' को पुनः स्थापित करने के लिए महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी (एमएडीसी) से अनुरोध प्राप्त हुआ है। इस अनुरोध/प्रस्ताव को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नागर विमानन महानिदेशालय और रक्षा मंत्रालय को उनकी टिप्पणियों हेतु भेजा गया था। रक्षा मंत्रालय द्वारा प्रेषित किए गए अनापत्ति प्रमाणपत्र के साथ भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और नागर विमानन महानिदेशालय से प्राप्त टिप्पणियों को एमएडीसी को उनकी टिप्पणियों और अनुपालन हेतु भेज दिया गया है।

******